CMYK

web : www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**


आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 ‖ email :- nyaysakshi@gmail.com ‖ रायगढ़, सोमवार 15 अक्टूबर 2018 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-20

## केंद्रीय मंत्री एमजे अकबर ने यौन शोषण के आरोपों को बताया बेबुनियाद

### करेंगे कानूनी कार्रवाई

नई दिल्ली (आरएनएस)। विदेश से लौटने के बाद विदेश राज्यमंत्री एम. जे. अकबर ने खुद पर लगे यौन उत्पीड़न और अनुचित व्यवहार के आरोपों पर चुप्पी तोड़ते हुए लीगल ऐक्शन लेने की बात कही है। उन्होंने आरोपों की टाइमिंग पर सवाल उठाते हुए कहा कि आम चुनाव से कुछ महीने पहले ही क्यों ऐसी बात उठी है। अकबर ने कहा कि मेरे खिलाफ लगे आरोप झूठे और मनगढंत हैं। उन्होंने कहा कि वह आधिकारिक दौरे पर विदेश में होने की वजह से आरोपों पर पहले जवाब नहीं दे पाए।



विदेश राज्यमंत्री अकबर ने अपने विस्तृत बयान में कहा कि वह खुद के खिलाफ सेक्शुअल असॉल्ट के झूठे आरोप लगाने वालों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा, कुछ तबको में बिना किसी सबूत के आरोप लगाने की बीमारी हो गई है।

अब मैं लौट आया हूं और आगे क्या कानूनी कार्रवाई की जाए, इसके लिए मेरे वकील इन निराधार आरोपों को देखेंगे। बता दें कि एम. जे. अकबर पर कम से कम 12 महिलाओं ने अनुचित व्यवहार या यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है, जब वह संपादक थे। विपक्ष इन आरोपों की जांच और अकबर के इस्तीफे की मांग कर रहा है।



## तालिबान के हमले में 18 सैनिकों की मौत

काबुल (आरएनएस)। अफगानिस्तान के पश्चिमी प्रांत फराह में तालीबान ने हमला कर 18 अफगानी सैनिकों को मार दिया और करीब 10 को अगवा कर लिया। यह हमला सैन्य चौकियों पर किया गया था। अफगानिस्तान में 20 अक्टूबर को चुनाव होने हैं। इससे पहले वहां ऐसे कई हमले किए जा चुके हैं। इनमें से चार हमले चुनाव प्रचार रैलियों को निशाना बनाकर किए गए, जिनमें दर्जनभर लोगों की मौत हो गई।

फराह प्रांतीय परिषद के प्रमुख फरीद बख्तावर ने बताया कि इन हमलों में कई जवानों की मौत हो गई जबकि कई को अगवा कर लिया गया।

## मी टू ने दिखाया समाज में क्या चल रहा है: जावड़ेकर



नई दिल्ली (आरएनएस)। मी टू अभियान ने बॉलिवुड से लेकर राजनीति, कॉर्पोरेट और मीडिया सहित लगभग हर क्षेत्र से यौन उत्पीड़न की घटनाओं को सामने लाने का काम किया है। इसमें अब तक कई बड़े नाम सामने आ चुके हैं और आरोप केंद्र सरकार में मंत्री एम.जे. अकबर पर भी लग चुके हैं। बीजेपी की महिला मंत्रियों के बाद अब मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने मी टू पर अपनी बात रखी है। जावड़ेकर ने कहा कि इस अभियान ने दिखाया है कि हमारे आसपास क्या चल रहा है। उन्होंने दिल्ली में आयोजित युवा महोत्सव उद्गार-एन एक्सप्रेशन ऑफ गुडनेस ऐंड जॉय में कहा, प्रभुपाद स्वामी हमेशा चरित्र निर्माण की बात करते थे। वह कहते थे कि अगर चरित्र की हानि हुई तो वह स्थायी हानि है। आज जो हम देख रहे हैं मी टू अभियान है। यह दिखा रहा है कि आसपास क्या हो रहा है। इसलिए वैल्यू एजुकेशन बहुत जरूरी हो गया। जावड़ेकर से पहले बीजेपी के महिला मंत्रियों मेनका गांधी, निर्मला सीतारमण, स्मृति इरानी और उमा भारती ने यौन उत्पीड़न का मी टू पर अपनी प्रतिक्रिया दी है और आवाज उठाने वाली महिलाओं के साहस की सराहना की है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बर्फ के तूफान में 9 पर्वतारोहियों की मौत, शव मिले

काठमांडू (आरएनएस)। नेपाल के माउंट गुरजा में जबर्दस्त हिमस्खलन में मारे गए 9 पर्वतारोहियों के शवों का पता चल गया है। अब रविवार को एक बचाव दल ने उन्हें बाहर निकालने का काम शुरू किया है। एक हेलिकॉप्टर ने शिविर में चार पहाड़ी गाइडों को नीचे उतारा जहां शक्तिशाली तूफान और बर्फबारी के दौरान दक्षिण कोरियाई पर्वतारोही अभियान दल के सदस्य रुके हुए थे। घटना में टीम के सभी सदस्यों की मौत हो गई और उनके शव करीब 500 मीटर (1,640 फीट) दूर तक बिखरे थे।

### सोमालिया में दो आत्मघाती विस्फोट, 20 मरे, 50 घायल

मोगादिशू (आरएनएस)। सोमालिया के बईदोआ में दो आत्मघाती बम विस्फोटों में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गयी और 50 अन्य घायल हो गये। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार एक आत्मघाती व्यक्ति ने शुक्रवार को बेदर रेस्टोरेंट में पहुंचकर खुद को विस्फोटकों से उडा लिया। इस विस्फोट के कुछ देर बाद बिलन होटल में दूसरा आत्मघाती विस्फोट हुआ जिसमें छह से अधिक लोगों की मौत हो गयी।

### जर्मनी में विमान दुर्घटनाग्रस्त, 3 लोगों की मौत, 8 घायल

वासेरकुप्पे (आरएनएस)। मध्य जर्मनी के हेसे में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि आठ घायल हो गए। यह विमान एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

### पीटीआई, पीएमएल-एन ने अधिकतर सीटें जीती

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली की 11 और 24 प्रांतीय सीटों पर हुए उपचुनाव में सत्तारूढ़ तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और विपक्षी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने अधिकतर सीटें जीती हैं। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, 25 जुलाई को हुए आम चुनाव में एक से अधिक सीटों पर जीतने वाले उम्मीदवारों के इन सीटों को खाली करने की वजह से उपचुनाव हुए थे। इसमें प्रधानमंत्री इमरान खान भी शामिल हैं, जो पांच सीट से चुनाव लड़े थे और पांचों से जीते थे।

### जब तैरना ही नहीं आता तो स्वीमिंग पूल में कैसे कर रहा था पार्टी

### एक दर्जन महिलाओं के शोषण के आरोपों पर एमजे ने तोड़ी चुप्पी


नई दिल्ली (आरएनएस)। मी टू अभियान के तहत एक दर्जन महिलाओं के यौन शोषण का सामना कर रहे विदेश राज्य मंत्री एमजे अकबर ने विदेश से लौटते ही अपनी चुप्पी तोड़ दी है। यौन शोषण के आरोपों को मनगढ़ंत और चुनावी एजेंडा करार देते हुए अकबर ने आरोप लगाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। उन्होंने इस अभियान के पीछे प्रिया रमानी का हाथ बताया और पूछा कि दशकों बाद आरोप लगाने का मतलब क्या है? बयान में उन्होंने एक-एक महिला के आरोपों का जवाब दिया।

### स्वाइन फ्लू के चपेट में बेंगलुरु, अब तक 177 मामले

बेंगलुरु (आरएनएस)। देश के कई इलाकों में इस समय स्वाइन फ्लू का प्रकोप फैला हुआ है। कर्नाटक में भी अभी तक स्वाइन फ्लू के कई मामले सामने आ चुके हैं। इनमें बेंगलुरु में एन1 एन 1 वायरस की चपेट में अब तक 177 मामले आए हैं। प्रशासन भले ही दावा कर रहा हो कि मामले पिछली बार से कम हैं लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्वाइन फ्लू के चलते कर्नाटक में 5 लोगों की मौत हो चुकी है।

## 20 छात्रों के सामने क्लास में हेडमास्टर की दिनदहाड़े हत्या

बेंगलुरु (आरएनएस)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में छह अपराधियों ने एक स्कूल के हेडमास्टर की 20 छात्रों के सामने धारदार हथियार से हत्या कर दी। इस घटना के समय हेडमास्टर क्लास में छात्रों को पढ़ा रहे थे, उसी वक्त बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और उससे पूछताछ कर रही है।




स्थानीय पुलिस ने बताया कि अग्रहारा दसरहल्ली उपनगर में हवानुर पब्लिक स्कूल के 60 वर्षीय प्रधानाचार्य रंगनाथ 10वीं के छात्रों को पढ़ा रहे थे। तभी छह अपराधियों का यह गिरोह क्लास में घुसा और उनकी धारदार हथियार से हत्या कर दी। वारदात के बाद में ये अपराधी एक कार में फरार हो गए, जिससे वे स्कूल में आए थे।

**वारदात की यह हो सकती वजह**

एक खुफिया सूचना के आधार पर गिरोह के एक सदस्य को बाद में महालक्ष्मी इलाके से पुलिस ने दबोचा। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया, जिसके बाद पुलिस की गोली से उसके पैर में चोट आई। बाद में उसे अस्पताल ले जाया गया और इलाज किया गया। पुलिस को संदेह है कि इस हत्या के पीछे स्कूल की इमारत से जुड़ा भूमि विवाद वजह हो सकता है।

**स्कूल में डर का माहौल**

पुलिस सूत्रों का कहना है कि स्कूल कैंपस में काफी दहशत का माहौल है क्योंकि छुट्टी के दिन स्पेशल क्लासेस लेने आए कई छात्रों ने अपनी आंखों के सामने हत्या होते हुए देखी थी।

## निर्माणाधीन इमारत ढही, कई मजदूर दबे

### हादसे के वक्त बिल्डिंग में 45 मजदूर कर रहे थे काम

शाहजहांपुर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में आरसी मिशन थाना क्षेत्र के पास शाम तकरीबन 3 बजकर 30 मिनट पर एक निर्माणाधीन डिग्री कॉलेज की बिल्डिंग अचानक ढह गई। इस घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन समेत पुलिस की कई टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। घटना के वक्त बिल्डिंग में 45 मजदूर काम कर रहे थे। हादसे में मलबे के नीचे एक दर्जन से ज्यादा मजदूरों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। मलबे में दबने की वजह से एक मजदूर की मौत होने की पुष्टि हो गई है।



हाई-वे के नजदीक निर्माणाधीन डिग्री कॉलेज की इमारत ढहने के बाद पुलिस को सूचना मिलते ही आला अफसर मौके पर पहुंचे। इसके साथ ही राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। शाहजहांपुर के एसपी शिवसिंपी चेनप्पा ने कहा, निर्माणाधीन बिल्डिंग गिरी है। हम रेस्क्यू ऑपरेशन कर रहे हैं, लोगों को सुरक्षित निकालकर अस्पताल भेजा जा रहा है।

**एसडीआरएफ की दो टीमों को किया गया रवाना**

**शाहजहांपुर पुलिस ने अपने ऑफिशल ट्विटर अकाउंट पर जानकारी दी, इस मामले में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक समेत स्थानीय पुलिस बल, फायर ब्रिगेड घटनास्थल पर मौजूद हैं। राहत एवं बचाव कार्य जारी है, घायलों को तत्काल इलाज हेतु जिला अस्पताल में पहुंचाने की कवायद जारी है।**

**बता दें कि मौके पर मलबे को हटाने के लिए जेसीबी मशीनें भी पहुंच गई हैं। इसके साथ ही एसडीआरएफ की दो टीमों को घटना स्थल के लिए रवाना कर दिया गया है।**

## वैष्णो देवी आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पांच लाख रुपये का दुर्घटना बीमा

जम्मू (आरएनएस)। तीर्थस्थल वैष्णो देवी जाने वाले तीर्थयात्रियों का पांच लाख रुपये का निशुल्क बीमा कराया जाएगा। जम्मू एवं कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक की अध्यक्षता में शनिवार को श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड' (एमवीडीएसबी) की बैठक में यह फैसला लिया गया।

बोर्ड ने तीर्थ स्थल आने वाले तीर्थयात्रियों को पांच लाख रुपये के निशुल्क दुर्घटना बीमा के अतिरिक्त घायल तीर्थयात्रियों का



निशुल्क इलाज कराने का भी निर्णय लिया है। राज्यपाल बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। बैठक के बाद एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि यात्रा की पर्ची लेकर यात्रा शुरू करते ही तीर्थयात्री का दुर्घटना बीमा हो जाएगा। प्रवक्ता ने कहा, यह साफ करना जरूरी है कि बीमा का प्रीमियम बोर्ड द्वारा वहन किया जाएगा और बीमा आठ साल बाद अपग्रेड हो जाएगा। बैठक में श्री माता वैष्णो देवी नारायण सुपर स्पेशिऐलिटी हॉस्पिटल के कामकाज पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने अपने सामाजिक सहयोग उपक्रम के तहत अस्पताल में घायल तीर्थयात्रियों के इलाज के लिए मेडिकल सहयोग नीति पारित की है।


## प्रेमी के साथ रहने गई बेटी, मां-बाप ने की खुदकुशी

कोयंबटूर (आरएनएस)। कोयंबटूर के पोलाची में अपनी इकलौती बेटी के समुदाय से बाहर के शख्स के साथ भाग जाने के कारण एक बुजुर्ग दंपती ने अपने घर में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक बुजुर्ग मां-बाप अपनी बेटी के इस संबंध से खुश नहीं थे।

पुलिस ने बताया कि 24 वर्षीय बेटी से दंपती ने कहा था वह इस प्रेम संबंध को खत्म कर दे। बताया जाता है कि कॉलेज की पढ़ाई के दौरान उनकी बेटी को इस शख्स से प्रेम हुआ था।

## सबरीमाला विवाद सुलझाने के लिए केरल सरकार ने चला आखिरी दांव

तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)। दो दिन बाद ही प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर मासिक पूजा के लिए दोबारा से खुल जाएगा। इस बार सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के चलते पहली बार महिलाएं भी मंदिर में प्रवेश करेंगी। हालांकि इस पर विवाद अभी गर्माया हुआ है। इसी के चलते त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) ने तंत्री परिवार, पंडलम पैलेस के प्रतिनिधि और अयप्पा सेवा संगम के नेताओं को मंगलवार को चर्चा के लिए बुलाया है। उधर, बीजेपी ने विरोध प्रदर्शन में पूरी ताकत झोक रखी है। उसका मेगा रैली सोमवार को ही केरल सचिवालय पहुंच रही है।



ऐसे में इसे संभावित हिंसा और टकराव को रोकने के लिए केरल की लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) सरकार की आखिरी कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। अयप्पा भक्तों के विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए ही टीडीबी ने यह पहल की है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले में 10 साल के 50 साल तक की महिलाओं को मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी थी।

## छुट्टी, धर्म परिवर्तन पर हुई थी बहस, गनर के गुरु की तलाश में पुलिस

गुरुग्राम (आरएनएस)। अडिशनल सेशन जज कृष्णकांत शर्मा की पत्नी और बेटे को गोली मारने वाले जज के गनर महिपाल का मकसद अब तक पता नहीं चल पाया है। वह बार-बार बयान बदलकर पुलिस को गुमराह कर रहा है। घटना के बाद से जांच में लगी पुलिस अब उसके गुरु और गुरु मां की भी तलाश में है, जिनसे महिपाल काफी प्रभावित था। जज की पत्नी की हत्या और बेटे को गोली मारने वाले इस कांड के पीछे कथित तौर पर छुट्टी और धर्म



गुड़गांव गोलीकांड

परिवर्तन की बात भी सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि महिपाल की शादीशुदा जिंदगी में भी सब ठीक नहीं चल रहा था।

बता दें कि शनिवार को हुए इस गोलीकांड में जज की पत्नी की मौत हो गई जबकि उनका बेटा ब्रेनडेड है। इस मामले में रविवार पूरे दिन चली पूछताछ के बाद पुलिस 32 साल के महिपाल की मानसिक हालत पर भी गौर कर रही है। पुलिस उसके कथित गुरु और गुरु मां की भी तलाश में है, जिनका उसपर काफी प्रभाव था। जांच कर रहे सीआईडी अधिकारियों को शक है कि उसका गुरु इंद्रराज सिंह हो सकता है, जिसे पुलिस ने एक बार पहले धर्म परिवर्तन करवाने की शिकायतों के बाद गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक 21 अगस्त को एक छापे में इंद्रजीत, एक सीआरपीएफ जवान के साथ कुल 8 लोगों को पकड़ा गया था। फिर महिपाल की दखल के बाद उन्हें छोड़ दिया गया था।

इंद्रजीत सिंह पर इससे पहले भी 2015 में धर्म परिवर्तन के लिए लोगों को बहकाने के आरोप लगे थे और उसे गिरफ्तार भी किया गया था। तब भी महिपाल ने इंद्रजीत का साथ दिया, हालांकि, उनकी मां को यह पसंद नहीं था। इसपर महिपाल ने अपना घर छोड़कर गुरुग्राम में रहना शुरू कर दिया था।

जज की पत्नी की हत्या के आरोपी सिपाही महिपाल ने 3 साल पहले धर्म परिवर्तन किया था। गांव वालों ने इसका विरोध किया था। पुलिस की जांच में यह बात भी सामने आई है कि आरोपी गनर जज के परिवार को भी धर्म परिवर्तन को लेकर बार-बार बात करता था। इस बात को लेकर झगड़ा भी हुआ था। छुट्टी न देने की बात पर महिपाल के डिप्रेशन में आने की बात भी सामने आ रही है।

पुलिस की पूछताछ में फिलहाल यही दो बड़े कारण सामने आए हैं।

CMYK